एनडी/गेल/सेक्ट/2016 मई 25, 2016

लिस्टिंग विभाग
बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड
मंजिल 1, पी.जे.टॉवर, दलाल स्ट्रीट,
**मुंबई-400 001**

प्रिय महोदय,

**"वर्षानुसार वर्ष 2015-16 की चतुर्थ तिमाही कर पूर्व लाभ 68% बढ़ा – कर पश्चात लाभ 51% बढ़कर 770 करोड़ रुपए हैं, सकल मार्जिन 60% बढ़कर 1,444 करोड़ हो गया"** से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति इसके साथ संलग्न है।
उपर्युक्त आपके सूचनार्थ एवं रिकार्ड कार्रवाई हेतु है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

हस्ता.
(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

प्रति :

1. लिस्टिंग विभाग
   नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
   एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,
   प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
   बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
   **मुंबई-400 051**

2. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
   टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंजिल, सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
   मुंबई-400051

## गेल (इंडिया) लिमिटेड

## प्रेस विज्ञप्ति

**वार्षिक आधार पर वित्त वर्ष 2015-16 की चौथी तिमाही में गेल का कर पूर्व लाभ 68% बढ़ा कर पाश्चात लाभ 51 % बढ़ कर रु. 770 करोड़ और सकल मार्जिन 60 % बढ़कर 1,444 करोड़ हुआ**

**नई दिल्ली, 25 मई 2016** :गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2015-16 की चौथी तिमाही में कर पूर्व लाभ (पीबीटी) में 68 % की वृद्धि दर्ज की है और यह गत वित्त वर्ष की समान तिमाही के रुपये 558 करोड़ की तुलना में बढ़कर रु. 940 करोड़ हो गया है। गेल का कर पश्चात लाभ (पीएटी) में भी चौथी तिमाही में 51% की वृद्धि हुई है और यह पिछले वर्ष की इसी तिमाही के रुपये 511 करोड़ से बढ़कर रुपये 770 करोड़ हो गया है।

चौथी तिमाही में गेल के कर पश्चात लाभ (पीएटी) में भी 16 % की बढ़ोतरी हुई है जो इस वर्ष की तीसरी तिमाही के रुपये 664 करोड़ की तुलना में बढ़कर रुपये 770 करोड़ हो गया है।

वित्त वर्ष 2015-16 की चतुर्थ तिमाही में निवल लाभ में वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। इसका कारण प्राकृतिक गैस बिक्री तथा ट्रांसमिशन मात्रा में वृद्धि थी। तिमाही के दौरान प्राकृतिक गैस परिसंचरण कारोबार में पिछले वर्ष की इसी अवधि के 926 करोड़ रुपए की तुलना में 11% बढ़कर 1,028 करोड़ रुपए हो गया।

प्राकृतिक गैस की बिक्री 74.41 एमएमएससीएमडी रही जो कि पिछली वर्ष की इसी अवधि से 8% अधिक है। चालू वित्त वर्ष की चतुर्थ तिमाही में प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन 95.31 एमएमएससीएमडी रहा जो कि पिछली वर्ष की अवधि के 86.15 एमएमएससीएमडी से 11% अधिक है।

### वर्ष दर वर्ष कार्यनिष्पादन

वित्त वर्ष 2016 में गेल का कारोबार (उत्पाद शुल्क का निवल) 51,614 करोड़ रुपए रहा जबकि गत वित्त वर्ष में यह 56,569 करोड़ रुपए था। वर्ष 2015-16 में कर पूर्व लाभ 3,173 करोड़ रुपए रहा जबकि पिछले वर्ष यह 4,284 करोड़ रुपए था। कर पश्चात् लाभ 2,299 करोड़ रुपए रहा, जबकि पिछले वर्ष में यह 3039 करोड़ रुपए था।

प्राकृतिक गैस संचरण कारोबार से राजस्व 19% बढ़कर 3,992 करोड़ हो गया जबकि पिछले वर्ष यह 3,349 करोड़ रुपए था। एलपीजी ट्रांसमिशन से राजस्व 10% बढ़कर 486 करोड़ रुपए हो गया जबकि गत वर्ष यह 441 करोड़ रुपएथा। प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन 92.09 एमएमएससीएमडी के आस पास बना

रहा जबकि प्राकृतिक गैस की बिक्री पिछले वर्ष के 72.07 एमएमएससीएमडी से बढ़कर 73.67 एमएमएससीएमडी हो गया ।

चालू वित्त वर्ष में निवल लाभ में कमी का मुख्य कारण पेट्रोकेमिकल एवं तरल हाइड्रोकार्बन के मूल्य की कम वसूली के साथ पाता (उ.प्र.) स्थित पेट्रोकेमिकल संयंत्र तथा विजयपुर (म.प्र.) में मूल्यह्रास और उच्च ब्याज दर में कमी रही ।